बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांकः 1140 ब.विवि./अकादमी/दी.स./2021/ भोपाल, दिनांकः 27-09-21

-अधिसूचना-

दीक्षांत समारोह

विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में जारी अधिसूचना क्रमांक 1067-1068/ब.विवि./अकादमी/दी.स./2021 दिनांक 13.09.21 के अनुक्रम में सूचित किया जाता है कि, माननीय कुलाधिपतिजी एवं मध्यप्रदेश के महामहिम राज्यपाल महोदय की स्वीकृति से बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल का दीक्षांत समारोह परिनियम क्रमांक 33 की कंडिका 1.1 के प्रावधान अनुसार मिंटो हॉल, पुरानी विधान सभा भवन में मंगलवार दिनांक 26 अक्टूबर, 2021 को प्रातः 11.00 बजे आयोजित किया जाएगा।

दीक्षांत समारोह में सत्र 2019-20 से संबंधित पात्र विद्यार्थियों को उपाधि/स्वर्ण पदक/मेरिट प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाऐंगे जिनका विवरण निम्नानुसार हैः-

(1) **डी.लिट./डी.एससी./पीएच.डी. उपाधिः-** जिन शोधार्थियों की उपाधि संबंधी अधिसूचना अकादमिक सत्र 2019-20 में दिनांक 01 जुलाई, 2019 से 30 जून, 2020 तक की अवधि में जारी हो चुकी है तथा जिन्होंने अभी तक उपाधि (डिग्री) प्राप्त नहीं की है वे शोधार्थी ही इस सत्र में उपाधि आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के पात्र होंगे।

(2) **स्वर्ण पदकः-** विश्वविद्यालय के नियमानुसार सभी संकायों के वे स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी जो सत्र 2019-20 की परीक्षाओं में विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित स्वर्ण पदक की पात्रता रखते हैं। (सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देखें)

(3) **मेरिट प्रमाण-पत्रः-** सत्र 2019-20 की स्नातकोत्तर परीक्षाओं में मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले (विद्यार्थी जिन्होंने अभी तक प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं किया है) ही प्रमाण-पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने के पात्र होंगे।

(4) **अन्यः-** इसके अतिरिक्त आलोच्य सत्र के उन सभी आवेदकों को जिन्होंने दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने के लिए अपना पंजीयन करवाया है, दीक्षांत समारोह के समापन के बाद विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन (सत्य भवन) से उपाधि प्रमाण-पत्र प्रदान करने की व्यवस्था की जावेगी।

सभी इच्छुक आवेदकों को सूचित किया जाता है कि वे व्यक्तिशः इस समारोह में उपस्थित होकर उपाधि/स्वर्ण पदक/ मेरिट प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु निर्धारित (online) आवेदन प्रपत्र में निर्धारित शुल्क के साथ अपना आवेदन दिनांक 20-10-2021 तक एवं निर्धारित विलम्ब शुल्क के साथ दिनांक 22-10-2021 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। **ऑनलाइन आवेदन करते समय अपना ई-मेल आई.डी. तथा मोबाइल नम्बर अनिवार्यतः लिखें।** अपूर्ण आवेदन को निरस्त करने का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय प्रशासन के पास सुरक्षित रहेगा।

विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित आवेदन प्रपत्र एवं दीक्षांत समारोह में भाग लेने संबंधी अन्य सभी दिशा-निर्देश बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की वेब साइट **www.bubhopal.ac.in** पर अवलोकित किए जा सकते हैं।

क- शुल्क :- # पंजीयन शुल्क 200.00 (उपाधि के मूल शुल्क रूपये 300.00 # मेरिट प्रमाण-पत्र मूल शुल्क रूपये 100.00 अतिरिक्त देय होगा) # विलम्ब शुल्क रूपये 100.00 (पोर्टल शुल्क अतिरिक्त देय होगा)

ख- सम्पर्क :- मित्र कार्यालय 0755-2517200 सहायक कुलसचिव, परीक्षा 0755-2517037 डॉ. नन्दन त्रिपाठी मोबा.नं. 0755-2517078

नोट - आवेदन सिर्फ आन-लाइन ही मान्य किए जावेंगे।

आदेशानुसार,

कुलसचिव

पृ.क्रमांक 1141 ब.विवि./अकादमी/दी.स./2021/ भोपाल, दिनांकः 27-9-21

प्रतिलिपिः-

1. सर्व संबंधितों को सूचनार्थ।
2. महामहिम कुलाधिपतिजी एवं राज्यपाल के प्रमुख सचिव, राजभवन, मध्यप्रदेश भोपाल।
3. माननीय मंत्री, मध्यप्रदेश शासन, उच्चशिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
4. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्चशिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
5. आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश शासन, सतपुड़ा भवन बी-विंग, भोपाल।
6. कुलपतिजी के निज सचिव।
7. कुलसचिव के निज सहायक।
8. विभागाध्यक्ष/संचालक, विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक विभाग एवं संस्थान।
9. विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी।
10. प्रभारी, आई.टी. प्रकोष्ठ, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की ओर विश्वविद्यालय वेब साइट पर अपलोड करने के आशय से।
11. प्रो.डी.सी.गुप्ता, समन्वयक, दीक्षांत समारोह।
12. संपादक जी, दैनिक.. की ओर आपके लोकप्रिय दैनिक में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने के अनुरोध के साथ।
13. प्रभारी, जनसंपर्क की ओर अधिसूचना को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाने के आशय से।
14. नस्ती प्रति।

उप-कुलसचिव(अकादमी)